भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 5361

05 अप्रैल, 2022 को उत्तर के लिए नियत

"कार विनिर्माण कंपनियां"

5361. श्रीमती मेनका संजय गांधी:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मार्च 2020 से जनवरी 2022 तक भारत में बंद हुई कार विनिर्माण कंपनियों का ब्यौरा क्या है और संख्या कितनी है;

(ख) क्या सरकार ने इन कंपनियों के बंद होने के कारणों का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) भारत में कार विनिर्माताओं को बनाए रखने के लिए सरकार द्वारा प्रदान किए गए प्रोत्साहनों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

भारी उद्योग राज्य मंत्री

(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)

(क): सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबिल मैन्यूफैक्चरर्स (सियाम) से प्राप्त सूचना के अनुसार, किसी भी कार विनिर्माता कंपनी ने उक्त अवधि के लिए भारत में अपना प्रचालन पूरी तरह से बंद नहीं किया है। तथापि, सितंबर 2021 में, फोर्ड इंडिया ने घोषणा की कि वह भारत में बिक्री के लिए वाहनों का विनिर्माण बंद कर देगी जबकि निर्यात के लिए वाहनों का विनिर्माण साणंद वाहन असेंबली संयंत्र में 2021 की चौथी तिमाही तक बंद हो जाएगा तथा चेन्नई इंजन और वाहन असेंबली संयंत्र वर्ष 2022 की दूसरी तिमाही तक बंद हो जाएगा।

(ख) और (ग): प्रश्न नहीं उठता।

******